# आदेश पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1941 का नियम 129 )

आदेश पत्रक सं0– .................................................................. से ..................................................

जिला – गिरिडीह, अंचल – धनवार, विविध वाद सं0– 22/सन–2021– 22

केस का प्रकार – विविध वाद

| आदेश का क0 सं0 और तारिख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 20.12.2024 | –:आदेशः – | |

–:आदेशः –

20.12.2024

यह विविध वाद अभिलेख सं0– 22/सन–2021– 22 न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खोरीमहुआ (गिरिडीह) के विविद वाद सं0– 111/2008 – 09 में पारित आदेश के आधार पर संधारित किया गया है।

नरसिंह नारायण सिंह पिता स्व0 विशम्बर नारायण सिंह साकिन डोरण्डा, थाना धनवार में विद्वान अधिवक्ता के वकालतनामा के साथ आवेदन देकर विविध वाद दायर किया है। वादगत भूमि का विवरण निम्न प्रकार है : –

| मौजा | थाना नं0 | खाता सं0 | प्लॉट नं0 | रकवा |
|---|---|---|---|---|
| गुण्डरी | 40 | 22 | 114 | 1.34 एकड़ |
| | | | 279 | |
| | | | 282 | |
| | | | 1898 | |
| | | | 2180 | |
| | | | 2181 | |

उपरोक्त वादगत भूमि के संबंध में उनके द्वारा 1. गाजो राय, पिता– स्व0 हारो राय 2. नारायण राय 3. लालदेव राय दोनों पिता बगूल राय, साकिन– गुण्डरी, थाना धनवार, जिला गिरिडीह को विपक्षी बनाया है।

प्राप्त निदेश के आलोक में उभय पक्षों को नोटिस निर्गत कर पक्ष रखने को कहा गया।

प्रथम पक्ष नरसिंह नारायण सिंह पिता स्व0 विशम्बर नारायण सिंह साकिन डोरण्डा, थाना धनवार ने लिखित में पक्ष एवं कागजात पेश करते हुए वाद में वर्णित भूमि पर अपना मालिकाना हक होने का दावा किया है।

द्वितीय पक्ष गाजो राय, पिता– स्व0 हारो राय एवं अन्य साकिन– गुण्डरी, थाना धनवार ने भी लिखित में पक्ष एवं कागजात पेश करते हुए वाद में वर्णित भूमि पर अपना मालिकाना हक होने का दावा किया है।

चूँकि उभय पक्ष एक ही भूमि पर अपना मालिकाना हक दर्शाते हैं जिससे मामला स्वत्व का प्रतीत होता है, जिसपर कोई निर्णय मेरे स्तर से दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः वाद की कार्रवाई समाप्त करते हुए अभिलेख की कार्रवाई बंद किया जाता है। विक्षुब्ध पक्ष सक्षम न्यायालय जाने के लिए स्वतंत्र है।

लेखापित एवं संशोधित।

Digitally signed by Gulzar Anjum
Date: 2024.12.21 10:33:11 +05:30
Location: 192.168.137.1

20.12.24

अंचल अधिकारी,
धनवार।

20.12.24

अंचल अधिकारी,
धनवार।